भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2197 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026/9 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

मयिलादुथुरई में छोटे बहुउद्देश्यीय पत्तन

†2197. कु. सुधा आर . :

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की मयिलादुथुरई संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में, जहाँ 75 किलोमीटर से अधिक लंबी तटरेखा है, के पूर्वी तट के उक्त हिस्से की समृद्ध समुद्री व्यापार विरासत को ध्यान में रखते हुए, एक छोटे बहुउद्देश्यीय पत्तन स्थापित करने की कोई योजना है;

(ख) क्या सरकार का कम से कम त्रांक्यूबार और पूमपुहार में एक छोटे बहुउद्देश्यीय पत्तन की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए कोई सर्वेक्षण कराने का प्रस्ताव है, क्योंकि ये छोटे-पत्तनों के लिए आदर्श स्थान हैं;

(ग) क्या मयिलादुथुरई निर्वाचन क्षेत्र के तटों की व्यापार, पर्यटन, व्यवसाय और पोत निर्माण क्षमता का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया जा रहा है या प्रस्तावित है; और

(घ) क्या सरकार के पास घरेलू व्यापार के लिए पूर्वी तट के बड़े, मध्यम और छोटे पत्तनों को जोड़ने वाले पूर्वी तट के साथ एक शॉर्ट-स्टॉप नौवहन मार्ग बनाने की संभावना का अध्ययन करने का कोई प्रस्ताव है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): महापत्तनों के अलावा अन्य पत्तन (ओटीएमपी) जिन्हें गैर-महापत्तन या छोटे पत्तन भी कहा जाता है, जो संबंधित राज्य सरकारों के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है एवं इनका विकास राज्य के क्षेत्राधिकार एवं जिम्मेदारी के अंतर्गत आता है। तमिलनाडु सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, नागपट्टिनम, कराईकल और तिरुक्कडयूर में विद्यमान पत्तन मयिलादुथुराई क्षेत्र और आस-पास के ज़िलों की मैरीटाइम और लॉजिस्टिक्स संबंधी आवश्यकताओं को पर्याप्त रूप से पूरा कर रहे हैं। तद्नुसार, वर्तमान में मयिलादुथुराई में - जिसमें ट्रेंकबार (तरंगमबाड़ी) या पूमपुहार भी शामिल हैं - एक छोटा बहुउद्देशीय पत्तन को विकसित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है और न ही इसके लिए किसी सर्वेक्षण या व्यवहार्यता अध्ययन पर विचार किया जा रहा है।

(ग) और (घ): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****